झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा
संख्या-09

द्वितीय सत्र(बजट)
शुक्रवार, दिनांक-13 मार्च, 2015 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 4.15 बजे अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री स्टीफन मराण्डी द्वारा राँची नगर निगम मेयर के पी.ए. का स्टिंग ऑपरेशन में फंसे होने का मामला उठाते हुए मेयर की भी बर्खास्तगी हेतु आसन से अनुरोध किया गया। माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने अखबार में प्रकाशित समाचार के आलोक में झारखण्ड लोक सेवा आयोग के चेयरमैन पर विशेषाधिकार हनन का मामला चलाये जाने की माँग की।)

1. प्रश्न काल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

(क) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-29

(i) उत्तरित कुल-06- अ० सू०-77, श्री बादल, स० वि० स०,
अ० सू०-78, श्री अशोक कुमार, स० वि० स०,
अ० सू०-79, श्री राज सिन्हा, स० वि० स०,
अ० सू०-80, श्री दीपक बिरूवा, स० वि० स०,
अ० सू०-81, श्री जानकी प्रसाद यादव, स० वि० स०,
अ० सू०-82, श्रीमती मेनका सरदार, स० वि० स०,

(ii) अनागत कुल-23-अ० सू०-83 से अ० सू० 105 तक।

(ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-45

(i) उत्तरित कुल-06- तारांकित-297, श्री पौलुस सुरीन, स० वि० स०,
तारांकित-298, श्री निरल पूर्त्ति, स० वि० स०,
तारांकित-299, श्री हरि कृष्ण सिंह, स० वि० स०,
तारांकित-300, श्री अरुप चटर्जी, स० वि० स०,
तारांकित-301, श्री राम कुमार पाहन, स० वि० स०,
तारांकित-302, श्री कमल किशोर भगत, स० वि० स०।

(ii) अनागत कुल-39-तारांकित-303 से 341 तक।

2.शून्यकाल:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी -
श्री लक्ष्मण टुडू,

कृ॰पृ॰उ॰

श्री विदेश सिंह,
श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता,
श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
श्री जानकी प्रसाद यादव,
श्री दशरथ गागराई,
डॉ० अनिल मुर्मू,
श्री आलमगीर आलम,
श्री बादल,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
श्री ईरफान अंसारी,
श्री कमल किशोर भगत,
श्री रवीन्द्रनाथ महतो,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री निर्भय कुमार शाहाबादी,
श्री अरुप चटर्जी,
श्री नारायण दास,
श्री पौलुस सुरीन,
श्री कुणाल षडंगी,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री बिरंची नारायण एवं
श्री केदार हाजरा।

माननीय सदस्य, श्री नागेन्द्र महतो के अनुपस्थित रहने के कारण उनके द्वारा शून्यकाल की सूचना नहीं पढ़ी जा सकी।

3.ध्यानाकर्षण सूचनायें एवं उसपर सरकार की ओर से वक्तव्य:-

श्री प्रदीप यादव एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

4.वित्तीय कार्य:-

श्रीमती लोईस मराण्डी, प्रभारी मंत्री द्वारा ''कल्याण विभाग'' से सम्बन्धित माँग पेश की गयी।
श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० द्वारा कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

क. माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा पुनः झारखण्ड लोक सेवा आयोग का मामला उठाया जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री मनोज कुमार यादव, श्री स्टीफन मराण्डी एवं श्री दीपक बिरूवा ने भी किया।

ख. माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने सदन की कार्यवाही के उपरांत माननीय अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में सचिव, कार्मिक विभाग को बुलाये जाने की बात कही जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने आपत्ति जतायी।

ग. माननीय सदस्य, श्री यादव द्वारा बोले गये कुछ शब्दों को असंसदीय होने के कारण कार्यवाही से विलोपित करने हेतु आसन से निदेश दिया गया।

क्र.पृ.उ.

घ. माननीय सदस्य, श्री ईरफान अंसारी द्वारा माननीय सदस्यों के वेतन में बढ़ोत्तरी की माँग की गयी। इसपर आसन द्वारा चिन्ता व्यक्त की गयी कि किस परिस्थिति में वेतन सम्बन्धी मामला सरकार के पास चला गया जबकि यह विधान सभा के अधिकार क्षेत्र में है।

च. माननीय सदस्यों को अपनी सम्पत्ति का ब्यौरा उन्हें उपलब्ध कराये गये प्रपत्र में ससमय जमा करने हेतु आसन से निदेश दिया गया।

5.वित्तीय कार्य (क्रमांक-4 से जारी):-

उपर्युक्त मांग पर श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

1. श्रीमती विमला प्रधान,
2. श्री दीपक बिरूवा,
3. श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
4. श्री मनोज कुमार यादव,
5. श्रीमती मेनका सरदार,
6. श्रीमती जोबा माँझी,
7. श्री जीतू चरण राम एवं
8. श्री ईरफान अंसारी।

(सरकारी उत्तर के दौरान झारखण्ड मुक्ति मोर्चा एवं झारखण्ड विकास मोर्चा के माननीय सदस्यों द्वारा सदन का परित्याग किया गया।)

श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव सभा द्वारा ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ तथा **''कल्याण विभाग''** से सम्बन्धित माँग सभा द्वारा स्वीकृत हुई।

6.आसन से नियमन:-

सदन की भावना को देखते हुए माननीय सदस्यों के वेतन-भत्ते से सम्बन्धित विधान सभा की समिति बनाये जाने हेतु आसन से नियमन दिया गया।

7.शोक प्रकाश:-

झारखण्ड सरकार के अधिकारी, ममता के दिनांक-12.03.2015 को हुए असामयिक निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए सदन में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

सभा की कार्यवाही दिनांक- 16 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 13 मार्च, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।